हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 8 दिसंबर 2024

# मेट्रो सिटी

## गीता जयंती पर राधा-कृष्ण मंदिर में प्रतियोगिता आज

**नागपुर।**

श्री राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट व गीता परिवार के संयुक्त तत्वावधान में वर्धमान नगर के राधा कृष्ण मंदिर में आज 8 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गीता जयंती महोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।

मैनेजिंग ट्रस्टी पवन पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से गीता परिवार के श्रीनिवास वर्णेकर, वंदना वर्णेकर, पूजा खंडेलवाल, रश्मि कुलकर्णी, रमेश मंत्री, चेतना टांक, उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 11 वर्ष से कम उम्र बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता होगी। इसमें चित्र मंदिर समिति देगी। कलर आदि की व्यवस्था प्रतियोगी को स्वयं करना होगा। महाभारत आधारित विभिन्न पात्रों की वेशभूषा सजीव प्रस्तुति व संवाद सहित प्रतियोगिता, नाटिका प्रस्तुति, नृत्य, बच्चों द्वारा सामूहिक




भजन प्रस्तुति, गीता के 2 अध्याय (12,15 ) का सामूहिक पठन होगा। प्रतियोगियों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। गीता जयंती के उपलक्ष्य पर मंदिर को भगवा पताकाओं व रोशनाई से सजाया गया है। इच्छुक प्रतियोगी संयोजक मधुसूदन सारडा, आंचल भोजवानी, मंजू हुरकट, जयश्री बियाणीसे संपर्क कर सकते हैं। सफ़लतार्थ विजया सारडा, सुनीता अग्रवाल, उमा केसान, उषा सारडा, गोविंद बाहेती, ऋषि खुंगर, मोनू अग्रवाल, मुकेश खंडेलवाल, सचिव मुरारीलाल अग्रवाल प्रयासरत हैं।

## श्री साईं गजानन महाराज सप्ताह आज से

### > श्री की भव्य शोभायात्रा आज

**नागपुर।**



प्रेमनगर हनुमान मंदिर, प्रेम नगर की ओर से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री साईं गजानन महाराज सप्ताह का हीरक महोत्सव 8 दिसंबर से 17 दिसंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक शामिल होते हैं। मंदिर समिति ने बताया कि हीरक महोत्सव की प्रथम दिवस 8 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे श्री की फोटो की शोभायात्रा बाबाराव मोतेवार के निवास स्थान से निकाली जाएगी जो क्षेत्र का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुँचेगी। शोभायात्रा में श्री के पादुका दर्शन होंगे। शोभायात्रा में अनेक भजन मंडल भजनों की प्रस्तुति करते हुए चलेंगे।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार 8 दिसंबर को साईं गजानन महिला भजन मंडल के भजन व ह.भ.प संजय महाराज का कीर्तन होगा। 9 दिसंबर को मुक्ताबाई भजन मंडल के भजन व ह.भ.प पांडुरंग महाराज मुरुमकार का कीर्तन होगा। 10 दिसंबर को कामनाथ स्वामी भजन मंडल के भजन व ह.भ.प निम्बाजी महाराज तागड़, वाशिम को कीर्तन होगा। 11 दिसंबर को सुनंदा सांस्कृतिक भजन मंडल के भजन व ह.भ.प शंकर महाराज, उमरेड का कीर्तन होगा।

12 दिसंबर को श्री संत गजानन महाराज महिला भजन मंडल के भजन व ह.भ.प दुधे महाराज का कीर्तन होगा। शुक्रवार 13 दिसंबर को गुरु माउली महिला मंडल के भजन व ह.भ.प संजय महाराज ठाकरे का कीर्तन होगा। 14 दिसंबर को माउली महिला भजन मंडल, साईं नगर के भजन व ह.भ.प विट्ठल महाराज धोरडीकर, आकोला का कीर्तन होगा। 15 दिसंबर को गोपाल काला दोप. 3 से 5 बजे तक व दही काला होगा। इसी दिन निम्बाजी महाराज तागड का एकनाथी भारुड होगा। 16 दिसंबर को महाप्रसाद का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। दैनिक काकड़ आरती रोज सुबह 8 बजे व शाम को 7 बजे होगी।सभी से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील श्री

# मां-बेटे ने मिलकर की 62 लाख रुपये की ठगी

## वैपनी हर्बल कंपनी के संचालकों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**नागपुर।**

एमआईडीसी पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने है, जहां पर सरकार से बड़ा टेंडर मिलने की जानकारी देकर वैपानी हर्बल के संचालकों ने अपने ही परिचित दंपति से 62 लाख रुपये उधार लिए। लेकिन रकम नहीं लौटाई। जांच में पता चला कि दोनों को कोई ठेका मिला ही नहीं था। पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों में वीसीए स्टेडियम के पास, सिविल लाइन्स निवासी नीलेश विजय खानोरकर और विजयश्री विजय खानोरकर का समावेश है।





पायोनियर सोसायटी, जयताला निवासी मानसी हेमंत जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मानसी बीमा कंपनी में काम करती है। उनके पति हेमंत प्रापर्टी डीलर है और वो भी बीमा सलाहकार है। विजयश्री और नीलेश से उनके 20 वर्ष पुराने संबंध है। खानोरकर परिवार की एमआईडीसी में वैपनी हर्बल कंपनी है। दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर जाना-आना था। जरूरत पड़ने पर विजयश्री और नीलेश उनसे आर्थिक मदद भी लेते थे और पैसा लौटाया भी था।

जून 2022 में नीलेश और विजयश्री उनके घर पर आए। उन्हें बताया कि सरकार द्वारा अन्न व औषधी प्रशासन के मार्फत उनकी वैपनी कंपनी को 2 करोड़ रुपये के हर्बल उत्पादन बनाकर बेचने का ठेका मिला है। इसके लिए उन्हें 62 लाख रुपये की आवश्यकता बताई। एफडीए से अग्रीम राशि लेकर 90 दिनों में सारी रकम लौटाने और भविष्य में उनके बच्चे को विदेश में शिक्षण करवाने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।दोनों पहले भी रकम ले चुके थे। इसीलिए मानसी और हेमंत ने उनपर विश्वास कर लिया। जमा पूंजी और कर्ज लेकर उन्होंने नीलेश व विजयश्री को समय-समय पर 62 लाख रुपये दिए।

### एफडीए में जांच पड़ताल से सामने आई सच्चाई

समय बीतने के बावजूद दोनों ने रकम नहीं लौटाई और टालमटोल करने लगे। बाद में मानसी को ही झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगे। मानसी ने एफडीए में जांच पड़ताल की तो पता चला कि वैपनी हर्बल को कोई ठेका ही नहीं मिला था। उन्होंने प्रकरण की शिकायत आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा से कर दी। प्राथमिक जांच के बाद एमआईडीसी थाने में धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया गया है जिसमें आगे की जांच की जा रही है।

## नायलॉन मांजे के साथ एक गिरफ्तार

**नागपुर।**



क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 की टीम ने शांति नगर पुलिस थाना अंतर्गत पेट्रोलिंग के दौरान एक व्यक्ति को प्रतिबंधित मांझे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी अजय रमेश पेठे (45) से कुत्तेवाले बाबा आश्रम के पास शांति नगर निवासी का समावेश है। इस कार्रवाई के दौरान उसके पास से 40 चकरी व प्लास्टिक की 1000 पतंग सहित 52,950 रुपए का माल पुलिस ने बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती राहत क्राइम ब्रांच की टीम शांति नगर पुलिस थाना अंतर्गत गस्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त जानकारी के आधार पर अजय पेठे के घर पर छापा मारा जहां उसे यह प्रतिबंध नायलॉन मांजा मिला। उसके खिलाफ शांति नगर पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे आगे की कार्रवाई के लिए शांति नगर पुलिस के हवाले किया गया है।

## चोरों ने घर से उड़ाया 1.27 लाख का माल

**नागपुर।**



सदर पुलिस थाने के जुनी सीपीडब्लूडी कॉलोनी स्थित एक बंद घर में सेंधमारी कर चोरों ने नगदी व सोने चांदी के आभूषण सहित 127500 रुपयों के माल पर हाथ साफ किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी तेजस चंद्रकांत नरकाम (32) सदर के क्वार्टर के नंबर 54/3, जूनी सीपीडब्ल्यूडी कॉलोनी में परिवार सहित रहते हैं। पांच दिसंबर की शाम करीब 5:00 बजे वह अपने घर को ताला लगाकर परिवार सहित शॉपिंग करने के लिए बाजार गए हुए थे। करीब आधे घंटे के बाद जब घर वापस आए तब उन्हें घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और बेडरूम से 15000 नगद और सोने चांदी के आभूषण सहित 1 लाख 27500 का माल भी गायब दिखा। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## दुपहिया वाहन चोरी में लिप्त मिला प्लंबर

### > चोरी के तीन वाहन भी मिले

**नागपुर।**



दुपहिया वाहन चोरी में लिप्त एक प्लंबर को वाडी पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी प्रलय उर्फ सोनू भोजलाल टेंभरे (25) गोगलाई, तहसील गायपुरी जिला बालाघाट ,मध्य प्रदेश निवासी है जो की त्रिलोक नगर लोकमान्य स्कूल के पास वाडी परिसर में किराए से रह रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रलय प्लंबर का काम करता है। 5 दिसंबर को प्रलय प्लॉट नंबर 80,सत्य साई सोसाइटी दत्तवाडी निवासी फरियादी राहुल भोदूजी शेन्डे (44) के घर में काम के लिए आया था। इसी बीच वह चुपके से उनकी एक्टिवा गाड़ी (क्र.एमएच 49 / ए.बी. 4475 ) को चोरी करने गया था। इसकी शिकायत राहुल ने पुलिस से की थी। जांच के दौरान ही पुलिस को इस मोपेड गाड़ी के दत्तवाडी स्थित गुरु प्रसाद नगर के गजानन ग्राउंड में खड़े होने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर इस गाड़ी को बरामद किया। साथ ही आरोपी प्रलय भी पुलिस के हाथ लगा। पूछताछ में उसने इस गाड़ी को चोरी करने की कबूली दी । साथ ही वाडी पुलिस थाना अंतर्गत दो अन्य दोपहिया वाहनों को भी चोरी करने की जानकारी दी। पुलिस ने उसकी निशानदेही इन दोनों दुपहिया वाहनों को भी बरामद किया है। तीनों गाड़ी की कुल कीमत 85 हजार रुपये बताई जा रही है।



## अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई

**नागपुर।** बेलतरोड़ी पुलिस थाना अंतर्गत नरेंद्रनगर परिसर में एक भयानक हादसा हुआ। डिवाइडर से टकराने के बाद एसयूवी गाड़ी रास्ते में ही पलट गई। उस समय रास्ते पर आवागमन कम होने के कारण बड़ी घटना टल गई। पुलिस के अनुसार निजी संस्थान में कार्यरत न्यू स्नेहनगर निवासी निखिल बलराम भलावी (33) शुक्रवार की रात 12.30 बजे के दौरान एसयूवी गाड़ी (क्र.एम.एच.31-एफ.वी.9333 ) पर नरेंद्रनगर से कोका-कोला फैक्ट्री की ओर जा रहा था। नरेंद्रनगर चौक के समीप गाड़ी की स्पीड ज्यादा होने के कारण निखिल का नियंत्रण छूट गया। गाड़ी सीधे रोड डिवाइडर से टकराई जिससे सामने का टायर भी फट गया। डिवाइडर से भिड़ने के बाद गाड़ी सड़क पर ही पलट गई। जोरदार आवाज होने से स्थानीय नागरिक भी जमा हो गए. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।निखिल को कोई चोट नहीं आई थी। बेलतरोड़ी पुलिस ने मामूली दुर्घटना का मामला दर्ज किया है।



## दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत


**नागपुर।**

लकड़गंज पुलिस थाना अंतर्गत वर्धमान नगर चौक पर शनिवार की सुबह दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस जोरदार टक्कर में एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा घटनास्थल से फरार हो गया। घायल चालक को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। लकड़गंज पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है।

यह दुर्घटना सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुई। सुबह का समय होने चलते घायल चालक काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद लकड़गंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। टक्कर के तुरंत बाद आरोपी चालक अपना ट्रक लेकर वहां से फरार हो गया था। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त ट्रक पीओपी की बोरियों से भरा हुआ था। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## अपराधियों की टोली लगी पुलिस के हाथ


### > पिस्तौल समेत घातक हथियार बरामद



**नागपुर।** डकैती की तैयारी कर रही एक अपराधियों की गैंग के 4 सदस्यों को हुडकेश्वर पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पिस्तौल समेत घातक हथियार भी जब्त किये गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में गड्डीमोदाम निवासी अमूल सतीश वाल्दे (34), रीवा निवासी अतुल हीरालाल वर्मा (29), शिला नगर झोपड़पट्टी निवासी रोहित तोतन घोष (24) और गोधनी निवासी आदेश अंकुश मेश्राम का समावेश है। जबकि इस कार्रवाई के दौरान आरोपी रीवा निवासी क्षत्रसिंह उर्फ गाज फरार हो गया। हुडकेश्वर पुलिस की टीम इलाके में गश्त कर रही थी।. इस बीच न्यू सुभेदार, ठवरे कॉलोनी में एक संदिग्ध दोपहिया वाहन की नंबर प्लेट में पट्टी लगाकर बैठा दिखाई दिया। पुलिस द्वारा तलाशी में आरोपी के पास चाकू मिला. इस बीच अंधेरे में छिपे उसके 4 साथिदार दोपहिया पर भागने लगे। पुलिस ने आरोपियों का पीछा करना शुरू किया। म्हालगी नगर के पास पुलिस ने आरोपी अतुल, रोहित और आदेश को पकड़ लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी क्षत्रसिंह भाग निकला। पकड़े गए आरोपियों से 2 चाकू, एक देशी माउजर, 2 जिंदा कारतूस, रस्सी समेत कुल 2,22,420 रुपये का माल जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ हुडकेश्वर थाने में विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश भी पुलिस कर रही है।

## 36 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर।**




मारपीट के एक मामले में 36 सालों से फरार आरोपी को सदर पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया। पकड़ा गया यह आरोपी गणेश शिव प्रसाद यादव (60) गड्डी गोदाम निवासी बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट के एक मामले में साल 1987 से गणेश फरार था। कोर्ट ने उसके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 82 के तहत फरार घोषित किया था। गणेश लगातार अपना पता और नाम बदलकर रहने के चलते वह पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। सदर पुलिस को जानकारी मिली थी की गणेश गड्डीगोदाम परिसर में घूम रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया । उसे आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट ने पेश किया गया है।

# श्री राम बने दूल्हा, सिया बनीं दुल्हन

### भव्यता के साथ निकली कौशल्यानंदन की दिव्य बारात

### 'श्री राम-जानकी बैठे हैं...,''जय श्री राम' से गूंजा शोभायात्रा मार्ग






नागपुर। सिया रघुवीर सेवा फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम जानकी विवाह उत्सव पर प्रभु श्री राम की भव्य व दिव्य बारात शक्तिधाम राम मंदिर, नयापुरा, इतवारी से निकाली गई। बारात में असंख्य राम भक्त शामिल हुए। भगवान राम की बारात देखते ही बन रही थी।'श्री राम- जानकी बैठें हैं...,''जय श्री राम' से बारात मार्ग गूंज उठा।

बारात से पूर्व महादेव अभिषेक किया गया। पश्चात श्री रामजी की बारात ने प्रस्थान किया। धर्मध्वजा, शंख वादन और मंगल कलश के साथ भगवान रथ पर आरूढ़ हुए. बग्घी व घोड़े पर सजीव झांकियां विराजमान रहीं। संत मंडली, संकीर्तन मंडल भजन गाते हुए चल रहे थे। बग्घी पर भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी शोभायमान थीं। हर्षित जनमानस नाच गाकर उत्सव में शोभा बढ़ा रहे थे। मातृशक्ति की एकाकार वेशभूषा दिव्य रही। बारात द्वार पर पहुंचने पर अयोध्या पक्ष के यजमान विक्रांत पलान्दूरकर, अनुश्री पलान्दूरकर का स्वागत जनकपुरी पक्ष के जगदीश नरड व कविता नरड परिवार ने किया। मार्ग पर जगह -जगह बारात का स्वागत भक्त परिवारों ने किया।

मुख्य अतिथि विधायक कृष्णा खोपड़े, अभिजीत वंजारी, प्रवीण दटके, सारंग महाजन, कार्तिक शेंडे, पांडुरंग सोनवने (स्पंदन), दयाशंकर तिवारी, मंजूषा देव, जयश्री बियानी, पंकज कोठारी, राजीव चौधरी, राजेश गोयल, विक्रांत मगने थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का बधाई संदेश वीडियो सुनाया गया। भागीरथ जी महाराज व्यास पीठ पर उपस्थित थे। पश्चात भगवान के दिव्य विवाह उत्सव की प्रारंभिक विधियां आरंभ हुई जिसमें भांवर, कन्यादान आदि संस्कार किए गए. वेद मिश्रा एवं ग्रुप का मंगल गीत गायन बहुत ही मनोहारी था। शाम को माता सीता की विदाई के उपरांत महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इसका लाभ लगभग 3000 लोगों ने लिया। अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि रैली के सफ़लतार्थ मातृशक्ति के पदाधिकारी विजय पांडे, अमित सिन्हा, जयपाल धींगरा, सोनू दुबे, विनोद केसरवानी, बबनराव औरंगापुरे, धर्मेंद्र साहू, आदित्य केशरवानी, जिग्नेश दवे, शंभु अग्रवाल, महेंद्र सदावर्ते, राज मिश्रा, मंगेश वाजपेई, अतुल खोब्रागडे, सौरभ, देवेंद्र विश्वकर्मा, रघुनाथ स्वामी, हितेश तिवारी, प्रमोद यादव, अभिषेक दीक्षित, युवा कार्यकारिणी के आदित्य तिवारी, अनिरुद्ध अरमरकर, राहुल वर्मा, ओम ठेंगड़ी, रंजन गुप्ता सुजल करंडे, हर्ष निर्मलकर, अनुराग, वीरू गौर, आयुष ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा .





88888 86930 | 77220 24512 | domestic@btpyatra.com | www.btpyatra.com

CMYK

# 3 वाहन चोरी करने वाले को वाड़ी पुलिस ने धर दबोचा

## > कुल 85 हजार का माल जब्त, आरोपी जेल रवाना

वाड़ी.

वाडी पुलिस स्टेशन अंतर्गत अलग अलग जगह से करीब 3 मोटरसाइकिल व्हीकल चोरी होने की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच था।जिसका आरोपी वाडी पुलिस थाने में गिरफ्त है।

मिली जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को शिकायतकर्ता राहुल शेनडे उम्र 44 रा. प्लॉट नं 80, सत्यसाई सोसायटी, दत्तवाडी नागपुर निवासी के घर के आगे गाड़ी खड़ी थी जब शिकायतकर्ता राहुल काम पर जा रहा था, तभी एक सफेद रंग की एक्टिवा मोपेड एमएच-49-एबी-4475, कीमत लगभग 30 हजार ये खड़ी थी। उसी दिन तकरीबन समय 01:45 बजे वाडी पुलिस तो गाड़ी चोरी होने की शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई। इसी बीच फोन कर बताया कि प्लंबर का काम करने वाला व्यक्ति आरोपी प्रलय उर्फ सोनु भोजलाल टेंभरे 25 वर्ष, त्रिलोकनगर,वाडी मूल निवासी गोगलाई ता. गायपुरी जि.



बालाघाट का ये घटनास्थल घर गया था। आरोपी प्रलय वह सौ रुपये मांग रहा था। कुछ देर बाद वह चला गया. कुछ देर बाद जब पड़ोसी आशा मेश्राम घर से बाहर निकली तो उसने अपने घर के सामने उसी नंबर की एक्टिवा मोपेड खड़ी नहीं देखी. उन्होंने शिकायतकर्ता से कहा कि उन्हें संदेह है कि व्हीकल सोनू टेंभरे ने चुराई होगी। ऐसे शिकायतकर्ता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। अपराध की जांच के दौरान गजानन ग्राउंड, गुरुप्रसाद नगर, दत्तवाडी में अपराध का संदिग्ध व्यक्ति सोनू टेंभरे चोरी की एक्टिवा के साथ था, जांच टीम के अधिकारी एपीआई कुणाल धुरट, अमलदार प्रमोद गिरी, सिपाई प्रवीण फलके, हेमराज बेराल, प्रमोद सोनोने, सतीश येसनकर ने सीसीटीवी तथा गुप्त जानकारी के आधार पर आरोपी प्रलय को हिरासत में लिया और जब उसका नाम पूछा गया और पता उसने अपना नाम प्रलय उर्फ सोनू भोजलाल टेंभरे उम्र 25 वर्ष निवासी बताया।और अपराध की कबूली दी। जब उनसे अपराध में शामिल एक्टिवा के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि वह ग्राउंड के बाहर खड़ी थी और उक्त गाड़ी चोरी की है.पुलिस की मदद से एक्टिवा मोपेड को वाडी नागपुर लाया गया और अपराध जांच अधिकारी के समक्ष उनसे एक्टिवा मोपेड गाडी कीमत 30 हजार, बजाज डिस्कवर मोटर सायकल, किमत 20 हजार, हीरो पैशन प्रो कीमत 35 हजार ऐसा कुल 85 हजार का मुद्देमाल जब्त किया गया। आरोपी प्रलय उर्फ सोनू टेंभरे के ऊपर 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।आगे की जांच डीसीपी लोहित मतानी, एसीपी सतीश गुरव के मार्गदर्शन में पीआई राजेश तटकरे कर रहे है।

## कैंडल मार्च के साथ महामानव को किया अभिवादन



कोंढाली.

महामानव भारतरत्न डॉ बाबासाहब आंबेडकर के महाप्रयाण दिवस के अवसर पर 6 नवम्बर को कोंढाली नगर के साथ ही समीपस्थ गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.इस अवसर पर यहाँ के पंचशील नगर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. यहाँ से बाजार चौक होते हुए शनिवार पेठ पहुंचकर वहां से समता मैत्री दल तथा विकास नगर बौद्ध उपासक/उपासिकाओं के साथ संयुक्त रूप से कोंढाली नगर में महामानव भारतरत्न डॉ बाबासाहब आंबेडकर नाम के जयकारों के साथ यह कैंडल मार्च (रैली) शनिवार पेठ, ठवळे पुरा, विठ्ठल विठ्ठल मंदिर, प्रभु श्री राम मंदिर, सराफा ओली, बाजार चौक, एफ सी चौक, उमाठे नगर, रामनगर, दाणा गंज, चांदणी चौक, बस स्टेशन होता हुआ विकास नगर पहुंचा तथा व्हावं से विकास नगर बौद्ध विहार और हाईवे होता हुआ ज्ञानज्योती बुद्ध विहार क्षेत्र के डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न हुई. इसमें सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु और युवक युवती तथा छोटे बालक,रैली में सहभागी थे. रैली का समापन महामानव को नमन कर किया गया।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर दिया समता का संदेश



कामठी.

जिला परिषद महिला व बाल कल्याण समिति सभापति प्रा.अवंतिका रमेश लेकुरवाले ने महापरिनिर्वाण दिवस पर रैली निकालकर सामाजिक समता का संदेश दिया. वडोदा - बीड़गांव सर्कल में प्रा. अवंतिका लेकुरवाले के नेतृत्व एवं पंचायत समिति सभापति दिशा चनकापुरे, उपसभापति दिलीप वंजारी, पूर्व उपसभापति आशिष मल्लेवार, सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धिमान पाटील के प्रमुख उपस्थिति में रैली निकाली गई. रैली का शुभारंभ बीडगांव से किया गया और वडोदा में समापन हुआ. प्रा. अवंतिका लेकुरवाले ने जगह जगह महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में डॉ. बाबा साहेब के विचारों को लेकर संबोधित किया. रैली में बड़ी संख्या में नागरिक सहभागी हुए. रैली के सफलतार्थ सरपंच अतुल बाळबुधे, अशोक उके, शुद्धोधन मानवटकर, प्रमोद पटले, राजेश निशाणे, सचिन ढोमने, शिवानंदन शहारे, गुणवंता फुलझेले, अनिल झोडगे, अश्वजित रामटेके, विलास गावंडे, श्रीहरी देवगडे, पूजा राणा, जयश्री मेश्राम, शितल नितनवरे, शितल तांबे, अमोल साखरकर, फकिरा फुलझेले, कोठीराम महल्ले, सुधाकर ठवकर, नितीन हलमारे, अमोल भिवगडे, सचिन लांभाडे, स्वप्नील राऊत, जितेंद्र वैद्य, वसंता वाहने, रंजना मते, माया मेश्राम आदि उपस्थित रहकर सहकार्य किया.

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को किया नमन



नागपुर.

भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संविधान चौक स्थित उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर युवाओं ने उनके विचारों और योगदान को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों में निखिल गोटे, प्रशांत खांडेकर, शुभदीप गवळी, नयंक मेश्राम, निखिल गायकवाड, अखिल गोटे, राहुल बावणे, आकाश लोखंडे, संकेत नागदिवे, अक्षय पुरी, और अक्षय रंगारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

समस्त युवाओं ने एक स्वर में डॉ. आंबेडकर के संविधान निर्माण में किए गए योगदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

# पोरवाल कॉलेज में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

कामठी.

सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज कामठी में भारतरत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के सीनेट सदस्य डॉ. श्रीकांत भोवते उपस्थित थे. वहीं मुख्य वक्ता के रूप में पोरवाल कॉलेज की डॉ. रेणुका रॉय उपस्थित रही. कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रशांत ढोंगले ने अपने प्रास्ताविक भाषण में बाबासाहब के कार्यों की संक्षिप्त समीक्षा की. तत्पश्चात कॉलेज के छात्र प्रज्वल सौलंकी, प्रकाश गोस्वामी एवं कुमारी सृष्टि वडिभस्मे ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन पर विचार व्यक्त किए.




उसके बाद कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. रेणुका रॉय ने अपने भाषण में कहा कि हमें बाबासाहेब आंबेडकर को हर दिन याद करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान के माध्यम से हर व्यक्ति को जीने का अधिकार दिया है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकांत भोवते ने अपने भाषण में कहा कि बाबासाहेब द्वारा तैयार किए गए संविधान को आज 75 साल पूरे हो रहे हैं. इस संविधान के कारण इस भारत में सही मायने में लोकतंत्र बचा है. बाबासाहब ने वास्तव में हमें बौद्धिकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिया है. उनका वह नज़रिया पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है. इसके बाद कार्यक्रम के अध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विनय चव्हाण ने अपने अध्यक्षीय भाषण मे कहा कि डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने अपनी विद्वता एवं अपनी बुद्धि के बल पर पूरी दुनिया को मानवता का मार्ग दिखाया. सुषमा वासनिक ने कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन किया और आभार प्रदर्शन डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम ने व्यक्त किया.

कार्यक्रम में कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. मनीष चक्रवर्ती, डॉ सुधीर अग्रवाल, पर्यवेक्षक विश्वनाथ वंजारी, स्वप्निल राठौड़ उपस्थित थे. कार्यक्रम की सफलता के लिए डॉ. नितिन मेश्राम, डॉ. तुषार चौधरी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद शेंडे, डॉ. जितेंद्र तागडे, डॉ आशा रामटेके, उमेश बांगर, प्रवीण अंबाडे और सीमा पाटिल ने विशेष प्रयास किये. इस कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में कॉलेज के प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

# उपजिला अस्पताल में निःशुल्क शिविर आयोजित



कामठी.

महाराष्ट्र सरकार स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत शुक्रवार को आयुष्मान भव अभियान के तहत निःशुल्क रोग निदान एवं उपचार शिविर उपजिला अस्पताल में संपन्न हुआ. स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत कुल 794 लाभार्थी शिविर से लाभान्वित हुए, जिनमें से 378 पुरुष लाभार्थी एवं 416 महिला लाभार्थियों का चिकित्सीय परीक्षण एवं उपचार किया गया. स्वास्थ्य शिविर उपजिला अस्पताल की अधीक्षक डॉ. नैना दुपारे के मार्गदर्शन में चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत डांगोरे सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उचित रूप से योजनाबद्ध और क्रियान्वित किया गया था. ज्ञात हो कि शिविर के लिए लता मंगेशकर अस्पताल, सीताबर्डी, नागपुर से एक विशेषज्ञ चिकित्सा दल (टीम) ने रोगियों की चिकित्सा जांच और उपचार किया और सभी ने इसमें योगदान दिया. शिविर सफल रहा.

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबासाहब आंबेडकर को किया नमन



कन्हान.

बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में शुक्रवार को संघापाल सामाजिक संस्था की ओर से समता बुद्ध विहार, राय नगर, आंबेडकर चौक में मनाया गया. उनकी प्रतिमा पर संघपाल सामाजिक संस्था के अध्यक्ष वासुदेव नाईक की अध्यक्षता में माल्यार्पण कर उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हे सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. संस्था के अध्यक्ष वासुदेव नाईक ने कहा कि सभी भारतीयों के लिए आज का दिन प्रेरणा का दिन है, बाबा साहब ने भारतवर्ष के साथ साथ पूरे विश्व को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित किया है. कोई भी व्यक्ति धर्म जाति से ऊपर उठकर अपने ज्ञान और प्रतिभा की बदौलत आगे बढ़कर अपने देश का गौरव ब्रढा सकता है। बाबा साहब ने महिलाओं की शिक्षा पर बल दिया, छुआछूत को मिटाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में विश्वनाथ पोहरे, महेंद्र बेलेकर, भारत पगारे, औरत पवार, रिंकेश चौरे, हर्ष पाटिल, शैलेश शेडके, श्रीमती सुकेशनी बागडे, प्रतिभा उके, कांता नाईक, शीला पगारे, संध्या बेलेकर, इंद्रायणी पाटिल, रमा भेलावे, प्रतीक्षा चौरे, पूर्णिमा सोमकुंवर, कविता मेश्राम, कुसुम मोठघरे, पुष्पमाला रामटेके, भावना वानखेडे, विमल वानखेडे, कविता मेश्राम, शांता चौरे, कुमारी वैष्णवी गढ़वाली, शालिनी रावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर जंगल सफारी फुल

नागपुर.

क्रिसमस की और नए साल की छुट्टियों पर लोग जंगल सफारी की प्लानिंग करते हैं, लेकिन नागपुर की जंगल सफारी 20 दिसंबर से 2 जनवरी तक हाउसफुल हो गई हैं। टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। हालांकि सफारी का शुल्क बढ़ गया है। नागपुर जिले में सबसे बड़ी जंगल सफारी पेंच व्याघ्र प्रकल्प की है। यह 789 वर्ग किमी में फैला जंगल है। यहां कुल 7 सफारी गेट हैं, जिसमें ईस्ट पेंच में सिल्लारी, खुर्सापार, चोरबाहुली, वहीं वेस्ट पेंच में नागलवाड़ी, कोलीतमारा, सुरेवानी, खुबाड़ा आदि गेट हैं। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में सैलानी जंगल सफारी के लिए आते हैं। जंगल में 50 से ज्यादा बाघ हैं, तेंदुओं की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह जंगल विदेशी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। यहां भीड़ को देखते हुए सैलानियों ने पहले से ही टिकट बुक कर लिया है। पर्यटक ऑनलाइन, ऑफलाइन टिकट बुक करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन टिकट नहीं मिल रहा है।



गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सफरी का खर्चा बढ़ गया है। एक सफारी के लिए 5525 रुपए देना पड़ता है, जिसमें 6 सैलानी सवार हो सकते हैं। गत वर्ष 5025 रुपए शुल्क लगता था। इसके अलावा यहां रहने के लिए वन विभाग के टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स हैं, इनके रेट भी बढ़ गए हैं। सफारी घूमने आने वालों के लिए वन विभाग के वेस्ट पेंच में सुरेवानी व कोलीतमारा में एक, ईस्ट पेंच में सिल्लारी में एक, वहीं चोर बाहुली में एक रेस्ट रूम हैं। पहले कमरे 2200 में मिलते थे, लेकिन अब 2400 प्लस 12 प्रतिशत जीएसटी ली जा रही है। निजी के रेट तो एक व्यक्ति के पीछे 3 हजार तक पहुंच गया है।

पेंच में कुल सात गेट पर प्रतिदिन 180 जिप्सियां जंगल भ्रमण के लिए जाती हैं। एक जिप्सी में 6 पर्यटक रहते हैं। ऐसे में प्रतिदिन यहां 2 हजार से ज्यादा यात्री जंगल भ्रमण करते हैं। इसमें सिल्लारी में सबसे ज्यादा 35 जिप्सी दिनभर में चलती हैं। खुर्सापार में 25 जीप्सी, चोरबाहुली में 12 जीप्सी चलती हैं। इसके अलावा नागलवाड़ी में 14, सालेघाट में 10 व खुबाडा आदि में 10-10 जिप्सियां चलाई जाती हैं।

नागपुर जिले का उमरेड करांडला छोटा अभयारण्य है। 250 वर्ग किमी में फैले इस जंगल में बाघों की संख्या 10 के करीब है। छोटा जंगल होने से यहां पर आसानी से बाघों दिखाई देते हैं। इसलिए इसकी ओर पर्यटकों का रुझान बढ़ रहा है। यहां भी किराया बढ़ा दिया गया है। गत वर्ष सोमवार से शुक्रवार तक 3825 रुपए देने पड़ते थे, जिसमें 6 लोग सफारी घूम सकते थे। इसमें फॉरेस्ट परमिट का 850, जिप्सी का 2500, गाइड का 475 रुपए शुल्क देना पड़ता था। कैमरे का चार्ज नहीं लिया जा रहा था, लेकिन इस बार इसी शुल्क को 4475 कर दिया गया है। इसमें फॉरेस्ट परमिट के 1500, जिप्सी का 2500, गाइड का 475 और कैमरा शुल्क 200 व 400 रुपए कैमरा अनुसार लिया जा रहा है। शनिवार व रविवार को तो 4975 रुपए पर्यटकों से लिए जा रहे हैं, जिसमें फॉरेस्ट चार्ज ही 2 हजार रखा गया है।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर 54 लोगों ने किया रक्तदान



कामठी.

शुक्रवारी बाज़ार स्थित डॉ. बाबासाहब आंबेडकर प्रतिमा के पास में शुक्रवार को भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) ने संविधान निर्माता भारत रत्न आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 54 लोगों ने किया रक्तदान किया. रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम डॉ.बाबासाहब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया. वक्ताओं ने संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहेब के जीवन यात्रा और उनके महत्वपूर्ण समय पर प्रकाश डाला. सभी से डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की. इस अवसर पर ई प्लेनेट स्पीकर्स एकेडमी अध्यक्ष डॉ. अभिषेक चिमनकर, 0000 के अनवारूल हक पटेल सहित अन्य गणमान्यों ने सदिच्छा भेंट दिए. रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए भीम आर्मी के प्रशांत बंसोड, नरेश ढोके, प्रिंस मेश्राम, प्रणय नितनवरे, रोहित गजभिए, कुणाल मेश्राम, शेखर ऊके आदि ने कड़ी मेहनत किए.

# राष्ट्रसंत तुकड़ोजी कैंसर अस्पताल में कैंसर पर शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित





नागपुर.

राष्ट्रसंत तुकडोजी कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (आरटीएचसीएच) ने 6 दिसंबर को कैंसर पर एक शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में श्योरटेक नर्सिंग स्कूल के 70 बीएससी और एमएससी के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत तुकडोजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद आरटीएचसीएच के अतिरिक्त निदेशक डॉ. विकास धानोरकर ने स्वागत भाषण दिया। प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्टों ने विभिन्न व्याख्यानों के माध्यम से छात्रों को कैंसर के बारे में गहन जानकारी दी। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हरीश केला ने स्तन कैंसर निदान पर, डॉ. अनिरुद्ध वाघ ने ओरल कैंसर के कारण और निदान पर, और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. माधुरी गवांडे ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लक्षण और निदान पर व्याख्यान दिए। इसके अलावा, डॉ. प्रशांत ढोके ने कैंसर में रेडियोथेरेपी की भूमिका, डॉ. मुकेश बंग ने कीमोथेरेपी की भूमिका और डॉ. रेवू शिवकला ने कैंसर डेटा प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की मेजबानी आरटीएचसीएच के मानद सलाहकार डॉ. बी.के. शर्मा ने की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत सोमकुवर ने सभी वक्ताओं और उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रश्मी राउत, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर दाइगवने, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ज्ञानदा पेरलेकर, फिजिशियन डॉ. नीरज बेले, मैट्रन सिस्टर माया धोबले और अन्य कैंसर रजिस्ट्री कर्मचारी उपस्थित थे। श्योरटेक नर्सिंग स्कूल का प्रतिनिधित्व मिस अपूर्वा ठवकर ने किया। कार्यक्रम ने छात्रों को कैंसर के उपचार और रोकथाम के विभिन्न पहलुओं की व्यापक जानकारी प्रदान की, जिससे भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को इस चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी।

# सीवेज शुद्धिकरण परियोजना का भूमिपूजन संपन्न

रामटेक.

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में नागपुर के प्रसिद्ध शोध संस्थान नीरी के सहयोग से सीवेज उपचार और ठोस अपशिष्ट कंपोस्टिंग परियोजना का भूमिपूजन समारोह 6 दिसंबर को संपन्न हुआ।

कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में सीवेज और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से उपयोगी उर्वरकों के निर्माण हेतु एक विशेष संयंत्र का निर्माण कॉम्पैक्ट मल कीचड़ पृथक्करण और सेप्टेज शोधन यंत्र (सीएफएसएसटी) नीरी की एक परियोजना है और इस परियोजना के तहत नीरी ने सीवेज और ठोस अपशिष्ट को संसाधित करने के लिए एक संयंत्र का निर्माण किया है। रामटेक क्षेत्र में ये प्लांट होगा। इस प्लांट प्रोजेक्ट के निर्माण हेतु भूमिपूजन नीरी के वर्तमान निदेशक एवं लक्ष्मीनारायण इनोवेशन टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी,नागपुर के नवनियुक्त कुलपति अतुल वैद्य तथा प्रो हरेराम त्रिपाठी, कुलगुरू, के करकमलो द्वारा वेदमंत्रघोष में किया गया। इस अवसर पर डॉ. रितेश विजय एवं उनकी पूरी टीम के साथ-साथ गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र, देवलापार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ मनोज




तत्ववादी उपस्थित थे।

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के रामटेक परिसर से निकलने वाले अपशिष्ट जल और ठोस कचरे का प्रसंस्करण कर विभिन्न तरीकों से उपयोग किया जाएगा। अपशिष्ट जल को शुद्ध किया जाएगा और बागवानी, फूलों की खेती, चारा उत्पादन और जलाशय की सफाई या किसी अन्य आवश्यक उपयोग के लिए उपयोग किया जाएगा,साथ ही मिट्टी को स्वस्थ बनाने और बगीचे बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट के माध्यम से खाद बनाई जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी डॉ. वैद्य का स्वागत फल देकर किया गया। कुलपति ने लक्ष्मीनारायण इनोवेशन टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी, नागपुर को कुलपति नियुक्त होने पर डॉ वैद्य को विशेष अभिनंदन कर बधाई दी। यह प्रोजेक्ट जल्द ही पूरा होगा I इंजीनियरिंग विभाग के उपअभियंता संतोष वाडिकर इसका नेतृत्व कर रहे हैं.इस परियोजना के शिलान्यास समारोह में समस्त संस्थापक, संवैधानिक अधिकारी,विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसटी बसों से सफर करना बना यात्रियों के लिए खतरनाक

## > आए दिन बीच रास्ते में फेल हो जाती हैं राज्य परिवहन की बसें > गोंदिया डिपो को वर्षों से नहीं मिली नई बसें

**गोंदिया.**

राज्य परिवहन महामंडल की बसों में यात्रा करना अब खतरे से खाली नजर नहीं आता। एसटी की बसे चलते-चलते मार्ग में कहीं भी फेल हो जाती है और यह अब रोजमर्रा की बात हो गई है। विगत 29 नवंबर को कोहमारा-गोंदिया मार्ग पर ग्राम खजरी डव्वा के पास एसटी की शिवशाही बस की दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो जाने के बाद अब यह मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि सामान्य नागरिकों के लिए सस्ता और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने वाली एसटी बसे ही यदि खटारा होगी तो ऐसे में सुरक्षित सफर की गारंटी कौन लेगा?



गोंदिया डिपो के बारे में ली गई जानकारी के अनुसार डिपो में वर्तमान में कुल 70 यात्री बसे है। जिनमें से 13 बसे वर्ष 2025 में अपनी सेवा के 15 वर्ष पूर्ण कर लेंगे। अर्थात यह बसे कबाड़ में जाने योग्य बन जाएगी। जबकि डिपो को पिछले 5 वर्षों से एक भी नई बस नहीं मिली है। ऐसे में पुरानी बसों से ही यातायात संचालित किया जा रहा है। एसटी बसों की स्थिति खराब होने के साथ-साथ यहां कर्मचारियों की भी भारी कमी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया डिपो में चालक एवं वाहक के कुल 248 पद मंजूर है। लेकिन वर्तमान में सिर्फ 205 कर्मचारी तैनात है। जिनमें 83 ड्राईवर, 62 कंडक्टर एवं 59 ड्राईवर कम कंडक्टर है। एसटी की बसों की नियमानुसार डिपो से निकलने से पूर्व पुरी तरह जांच की जाती है। लेकिन गोंदिया डिपो में मैकेनिक स्टाफ की भी कमी है। महिला स्टाफ रात्रि के समय ड्यूटी पर नहीं रहता। जबकि अधिकांश बसे अपना सफर तय कर रात्रि में ही डिपो में आती है। ऐसे में पर्याप्त मेंटेनेंस नहीं होने के कारण भी आए दिन बसों में खराबी आ जाती है।

**प्रतिदिन लगभग 18 हजार यात्री करते हैं सफर**

डिपो की बसों की प्रतिदिन 375 फेरियां नियोजित होती है। जिनमें से प्रत्यक्ष में 336 से 340 फेरियां प्रतिदिन संचालित होती है। यात्रियों से डिपो को प्रतिदिन 7 से 10 लाख रूपए की आय होती है। लेकिन यह दिखाई पड़ता है कि यात्रियों की सुरक्षा की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महामंडल की बसों में फर्स्ट एड बॉक्स होना जरूरी है, ताकि कहीं भी दुर्घटना होने पर यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया जा सके। उसी प्रकार गाड़ियों में अग्निशमन यंत्र होना भी जरूरी है। जिससे आग लगने जैसी घटनाओं पर उसे फैलने से रोका जा सके। लेकिन यहां सुविधा तो दुर यात्रियों को बैठने वाली सीटे भी फटी हुई दिखाई पड़ती है। आरटीओ के नियमानुसार बसों में नियमानुसार ही यात्री बैठाए जा सकते है और अधिकतम 10 यात्रि खड़े रह सकते है। लेकिन प्रत्यक्ष में देखने पर यह नजर आता है कि बसों में यात्री ठसाठस भरे नजर आते है। शहर आरटीओ को इन बसों पर कार्रवाई करने की फुर्सत नहीं है। दुर्घटना होने के बाद अब एसटी की सेवाएं और उनकी क्षमता पर प्रश्नचिन्ह प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। अब देखना यह है कि दुर्घटना से सबक लेकर एसटी महामंडल अपनी सेवाओं में क्या सुधार लाता है।

### शराबी ने बस चालक को किया परेशान

इससे पूर्व 3 दिसंबर को गोंदिया से आमगांव होकर सालेकसा जाने वाली बस जब खमारी गांव के पास पहुंची तो उससे आगे मोटरसाइकिल पर चल रहा एक वाहन चालक बार-बार बस के सामने आता-जाता रहा। जिससे एसटी बस चालक को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। जिसके बाद उसने बस को रोककर उसे बस में बैठाया और आमगांव पुलिस थाने की ओर ले जाने लगा। बाद में पता चला कि वह शराब के नशे में धूत था। बार-बार माफी मांगने के बाद यात्रियों के कहने पर ग्राम गोरठा के पास उसे बस से उतार दिया गया।

# आत्मरक्षा-कुशल पीढ़ी का निर्माण जरूरी: अग्रवाल



**वर्धा.**

कराटे खेल से लक्ष्य प्राप्ति की मानसिकता का निर्माण होता है। अभिभावकों को अपने बच्चों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर शामिल करना चाहिए। कराटे का खेल आत्मरक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

विभिन्न सरकारी योजनाओं में प्रशिक्षण के लिए कराटे के महत्व को देखते हुए युवाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए इस खेल को बढ़ावा देना समय की मांग है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहन अग्रवाल ने कहा कि यह खेल वर्धा जिले में सक्षम आत्मरक्षा कौशल वाली पीढ़ी तैयार करने का कार्य होना चाहिए।

वह 4 दिसंबर को लायंस ट्रेडिशनल शोटोकन कराटे डू एसो द्वारा आयोजित कराटे पट्टा बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह में खिलाड़ियों के सम्मान और कराटे यूथ प्रीमियर लीग में दक्षता हासिल करने वाले छात्रों के सम्मान समारोह में उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। दिल्ली में. कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह महाकालकर ने की, जबकि मुख्य अतिथि ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही थे। डॉ. प्रीतम सालुंखे मैडम, मोहता कॉलेज हिंगनघाट के प्रोफेसर डॉ. अनीस बेग, लायंस ट्रेडिशनल शोटोकन कराटे डू एसोसिएशन के सचिव कोशी उल्हास वाघ, सामाजिक कार्यकर्ता राजू लभाने, अष्टेदु मर्दानी अखाड़ा एसोसिएशन की सचिव लीला वाघ आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर मंच पर मौजूद गणमान्य लोगों ने कराटे सेनानियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें बेल्ट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया.

कार्यक्रम की शुरुआत कोशी उल्लास वाघ ने की, अध्यक्षता सेंसेई अमोल ने की और धन्यवाद ज्ञापन सेंसेई साहिल वाघ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षाली चौधरी, वेदांत चौधरी, प्रेम कंवर, मिहिर वाघ, धनश्री मैंद, कैवल्य आदि ने सहयोग किया।

# जिले से किसे मिलेगा मंत्री पद

**गोंदिया.**



देवेंद्र फडणवीस द्वारा मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के साथ ही राज्य में नई सरकार अस्तित्व में आ गई है। आज 5 दिसंबर को महायुती में भाजपा के देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री, शिवसेना के एकनाथ शिंदे एवं राकांपा के अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। इसी के साथ अब मंत्रिमंडल में किस-किस को शामिल किया जाएगा? इसकी ओर सबकी उत्सुकता पूर्ण नजरे लगी हुई है। राकांपा के राष्ट्रीय नेता प्रफुल पटेल के गृह जिले से राज्य मंत्री मंडल में किसे स्थान मिलता है। यह देखने वाली बात होगी। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में जिले की चारों विधानसभा सीटों गोंदिया, आमगांव, तिरोड़ा से भाजपा एवं अर्जुनी मोरगांव से राकांपा (अजित पवार) के उम्मीदवार राजकुमार बडोले विजयी हुए है। चारों सीटे जीतकर महायुती ने यहां पर महाविकास आघाडी को चारों खाने चित कर दिया है। विनोद अग्रवाल ने गोंदिया में पहली बार कमल खिलाने में सफलता प्राप्त की है। वहीं विजय रहांगडाले ने तिरोड़ा में तिसरी बार जीत हासिल कर हॅट्रीक लगाई है। आमगांव में संजय पुराम ने कांग्रेस से सीट छीनकर विजय प्राप्त की है। वहीं अर्जुनी मोरगांव में राकांपा की टिकट पर महायुति के उम्मीदवार राजकुमार बडोले ने त्रिकोणीय संघर्ष में भी इस सीट पर राकांपा का कब्जा बरकरार रखा है। बडोले इससे पूर्व भी मंत्री रह चुके है। इसके अलावा वे जिले से राकांपा के एकमात्र विधायक है। इसलिए जिले से मंत्रिमंडल में किसे स्थान मिलेगा? यह तय करने में महायुती में राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। चुनाव के बाद से ही जिला वासियों की लगातार मांग है कि जिले के विकास कार्यों को गति देने के लिए इस बार स्थानीय जनप्रतिनिधि को ही मंत्री मंडल में शामिल कर पालकमंत्री बनाया जाना चाहिए। पिछले दो-तीन दिनों से जिले के सभी विधायक भाजपा एवं राकांपा के प्रमुख नेता मुंबई में ही डेरा डाले हुए है। पिछले 5 वर्ष की अवधी में जिले में महाविकास आघाडी और महायुति दोनों की ही सरकारे रही है। लेकिन गोंदिया जिले को स्थानीय पालकमंत्री नसीब नहीं हुआ। बल्कि दूसरे जिलों के निवासी मंत्रियों को ही पालकमंत्री का पदभार सौंपा गया। जिले को कम से कम इस बार मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिलेगा क्या? इस ओर जिलावासी नजरे गढ़ाए बैठे है।

# डॉ. आंबेडकर के कर्तृत्व से भारत एक राष्ट्र बना: प्रो. शक्ति कुमार

**वर्धा.**




जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. शक्ति कुमार ने कहा है कि संविधान सभा में डॉ. बाबासाहब भीमराव आंबेडकर की उपस्थिति ने भारत देश को एक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। प्रो. कुमार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा राष्ट्र निर्माण में आंबेडकर का योगदान विषय पर विशेष व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार और नेतृत्व ने भारतीय संविधान को केवल एक कानूनी दस्तावेज ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आधार दिया, जो समाज में समानता और न्याय की अवधारणा को स्थापित करने में मददगार साबित हुआ।

प्रो. कुमार ने कहा कि बताया कि डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं के अधिकारों के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए थे, जैसे कि मैटरनिटी लीव का प्रावधान, महिलाओं को समान वेतन का अधिकार, और माता-पिता की संपत्ति में महिलाओं के अधिकार की दिशा में कार्य किया। इन महत्वपूर्ण सुधारों ने समाज में महिलाओं की स्थिति को सशक्त किया और उन्हें समान अधिकार दिलाने की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाया।

प्रो. शक्ति कुमार ने देश, राज्य और राष्ट्र के अभिप्राय को स्पष्ट किया। विकसित भारत तथा सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उन्होंने युवाओं को आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज भी असमानता कहीं न कहीं समाज में है, जिसे खत्म कर ही हम असली मायनों में गांधी और अम्बेडकर के सपनों का भारत बना पाएंगे। इस अवसर पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानवाधिकार विभाग के अध्यक्ष प्रो. शशि कुमार ने दलित मानवाधिकार विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना मात्र ही हमारा जीवन बदल सकती है। प्रो. शशि कुमार ने बाबा साहब को मानवाधिकार का बड़ा मसीहा बताते हुए कहा कि वे जीवन पर्यंत समानता, स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्षरत रहे। डॉ. अंबेडकर सामाजिक लोकतंत्र, राजनीतिक लोकतंत्र और आर्थिक लोकतंत्र के सबसे बड़े समर्थक थे। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के संविधान सभा में दिए गए आखिरी वक्तव्य का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि भारत अंतर्विरोधों के दौर में प्रवेश कर रहा है। प्रो. शशि कुमार ने डॉ. अंबेडकर के शिक्षा, राजनीति और समाज में योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि संविधान जितना लचीला है उतना की कठोर भी है। अधिकारों के साथ साथ आज के समय में हमें अपने कर्तव्यों का भी भान होना चाहिए। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे ने प्रास्ताविक व स्वागत वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. फरहद मलिक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का मानना था कि धर्म ऐसा होना चाहिए जिसमें सभी को समान स्वतंत्रता और सम्मान मिले। बौद्ध धर्म ने उन्हें वह मार्ग दिखाया, जिसमें सामाजिक समानता और स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है। कार्यक्रम का संचालन जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रेणु सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जनसंचार विभाग के शोधार्थी अरविन्द कुमार ने किया।

# शांतादेवी मोहता के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**हिंगनघाट.**

गीमाटेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन बसंत मोहता की माता, शान्तादेवी मोहता के 90वें जन्मदिन के अवसर पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कंपनी के कर्मचारियों और रोटरी क्लब हिंगनघाट के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाज सेवा की भावना से प्रेरित यह विशेष आयोजन एक अविस्मरणीय और प्रेरणादायक अनुभव बना।

शिविर का उद्घाटन गिमा टैक्स इंडस्ट्रीज के चेयरमैन बसंत मोहता ने किया। उन्होंने कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी एकजुटता पर आभार और गर्व व्यक्त किया और कहा कि समाज सेवा के प्रति यह समर्पण ही गीमाटेक्स को विशेष बनाता है। उद्घाटन समारोह में कंपनी के अन्य प्रमुख अधिकारी ब्रजरत्न भट्टड़, अश्वनी गुप्ता, रमेश दायमा, शाकीर खान पठान साहब और प्रवीण फाटिंग मौजूद थे। साथ ही, रोटरी क्लब हिंगनघाट के अध्यक्ष सीए जितेंद्र वर्मा, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक मुखी, सचिव सुभाष कटारिया, मुकुंद मुंदड़ा, रविन्द्र ऑस्कर और अन्य सदस्य भी इस आयोजन का हिस्सा बने।

यह शिविर कंपनी की दो प्रमुख इकाइयों में आयोजित हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे दिन में 155 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो गिमा टैक्स के कर्मचारियों की रक्तदान के प्रति जागरूकता और योगदान का प्रमाण है।







इस अवसर पर फैक्ट्री मैनेजर और रोटरी क्लब हिंगनघाट के उपाध्यक्ष शाकीर खान पठान साहब ने शान्तादेवी मोहता के समाज सेवा में योगदान की सराहना की। उन्होंने उन्हें एक दयालु और उदार महिला बताया, जिन्होंने अपने परिवार में अनुशासन और स्नेह की मिसाल पेश की। उनकी प्रेरणा से रोटरी क्लब ने कई सामाजिक सेवा परियोजनाएं संचालित की, जैसे हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर, मार्गदर्शन सत्र, और जरूरतमंदों को व्हीलचेयर, चिकित्सा बेड और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण, जो समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुईं।

क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक मुखी ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि आजकल हर अस्पताल में रक्त की आवश्यकता होती है, और कई रोगियों को इसका अभाव होता है, जिसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने सभी से नियमित रक्तदान करने की अपील की और कहा कि रक्तदान से हृदय रोग का खतरा भी कम होता है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने मोहता परिवार के सामाजिक गतिविधियों में योगदान की सराहना की। रक्तदान शिविर की सफलता के लिए गीमाटेक्स के ओमप्रकाश जोशी, आनंद कुमार गर्ग, अविनाश मेहता, राजीव शर्मा, मनीष गुप्ता, पराग जुमड़े, राजू ठाकरे, मानव संसाधन विभाग और अन्य सभी कर्मचारियों का समर्पण और मेहनत अहम रही। इस रक्तदान शिविर ने शान्तादेवी मोहता के 90वें जन्मदिन को खास बना दिया, और उन्होंने रक्तदान करने वालों और शिविर के आयोजन में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद किया।

# बाबासाहब को महापरिनिर्वाण दिवस पर किया नमन



**वायगाव.**

महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अभिवादन किया गया. इस अवसर पर सुनील तलवेकर गणेश वांदाडे, पींटु नगराले, दादा राजनकर, भीमराव वाघमारे, प्रतीक शंभरकर, अहिंसक तेलंग, भीमराव नागरले, शेखर नगराले, नरेश कांबले, प्रमोद नागरले, धर्मदास वाघमारे, प्रफुल्ल मोते और सभी ग्रामीण उपस्थित थे.

# मलेरिया रोकने 106 गांवों में फिर शुरू हुआ कीटनाशक छिड़काव

## > कीटजन्य बीमारियों के निर्मूलन के लिए नागरिकों से सहयोग का आव्हान

**गोंदिया.**



बारिश के दिनों में कीटकजन्य बीमारियों को रोकने के लिए जिला मलेरिया विभाग की ओर से जून माह में प्रथम चरण में जिले के 106 गांवों में कीटकनाशक छिड़काव किया गया था। वहीं अब फिर से उक्त सभी गांवों में द्वितीय चरण में छिड़काव का कार्य शुरु किया गया है। लोगों को अपने मकान परिसर, दीवारों पर कीटनाशक छिड़काव कर घरों में आनेवाली टीम को सहयोग करें। ऐसा आव्हान जिला मलेरिया अधिकारी डा. विनोद चव्हाण ने किया है।

गांव में कीटनाशक छिड़काव पथक आने पर मकान परिसर में कीटनाशक का छिड़काव कराया जाए। जिन मकानों में छिड़काव किया गया है, ऐसे मकानों में तीन माह तक पोताई का कार्य न किया जाए। ऐसा आव्हान स्वास्थ्य विभाग ने किया है। संवेदनशील क्षेत्र में मच्छर नियंत्रण के लिए कीटनाशक का छिड़काव बारिश में एक बार तथा शीतकाल में दूसरी बार किया जाता है। जिसका प्रभाव ढाई से तीन माह तक रहता है। जिसके लिए गांव के शतप्रतिशत लोगों द्वारा घरों में छिड़काव कराया जाए।

कीटकजन्य बीमारियों में मलेरिया पूर्णत: मानव निर्मित बीमारी है। ऐसा विशेषज्ञों का कहना है। क्योंकि मलेरिया का प्रसार करने वाले मच्छरों को नष्ट करने व मच्छरों की पैदावार होने वाले स्थानों को नष्ट कर मलेरिया को रोकना यह मानव के हाथ में है। मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रथमत: दो बातों को अमल में लाया जाना चाहिए। एक मच्छरों पर नियंत्रण करना व मलेरिया से ग्रसित मरीज को उपचार देकर रोग जंतुओं को नष्ट करना है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लिए मलेरिया के लिए अतिसंवेदनशील चयनित गांवों में सिंथेटिक पायरेथ्राइड समूह के कीटनाशक का घर-घर छिड़काव करने का नियोजन मलेरिया विभाग की ओर से किया गया है। जिले के 106 गांवों में दूसरे चरण में कीटनाशक छिड़काव का कार्य शुरु किया गया है। जिले में विविध क्षेत्र में 7 छिड़काव टीम तैयार की गई है। प्रत्येक टीम में 6 छिड़काव कर्मचारी कार्यरत रहेंगे।

छिड़काव कार्यक्रम में जिलास्तर से 5 स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यक्षेत्र के चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य सहायक, स्वास्थ्य सेवक, सेविका व आशा सेविकाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छिड़काव कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# वीडियो गेम पार्लर में चल रहे जुए पर पुलिस ने मारा छापा

## 2 लाख 90 हजार 430 रुपए जब्त किए गए



**हिंगनघाट.**

शहर के गोल बाजार इलाके में इलेक्ट्रिक वीडियो गेम पार्लर जुआ इस पें वर्धा में स्थानीय अपराध शाखा की एक टीम ने छापेमारी करते हुए वहां से 2 लाख 90 हजार 430 रुपये जब्त किये गये

11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किये जाने की जानकारी आज शनिवार को पुलिस से मिली है.यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कावड़े के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, पुलिस उपनिरीक्षक उमाकांत राठोड, पुलिस कर्मचारी गजानन लामसे, अरविंद येनुरकर, रितेश शर्मा, गोपाल बावनकर, मंगेश आदे, दीपक साठे, मुकेश ढोके सभी स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा किये गई।

# 'स्वरताल संगत' परिवार का शागिर्द महोत्सव

## > आज ताल कचेरी और गिटार वादन का मधुर संगीत कार्यक्रम

**वर्धा.**



स्वरताल संगत परिवार और सत्यनारायण बजाज पब्लिक डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी के सहयोग से उस्ताद लड्डुमिया खॉ. दिलीप राऊत, डॉ. विनोद देऊळकर, प्रभाकरराव बावसे व भाग्यश्री सरोदे के स्मृतीप्रीत्यर्थ आयोजित शागिर्द संगीत महोत्सव में रविवार, दि. 8 को वरोरा के विद्यार्थियों का ताल कचेरी और पुणे के अनिकेत गुंडेवार का शास्त्रीय गिटार वादन होगा।

शाम 6.30 बजे बजाज जिला पुस्तकालय के सभागार में आयोजित इस महोत्सव में वारकरी संप्रदाय के गायक उद्धव दहिवलकर का सत्कार किया जाएगा और कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेश आसमवार करेंगे। संगीत महोत्सव के पहले सत्र में लोकमान्य कला अकादमी, वरोरा के छात्र ताल कचेरी सामूहिक तबला प्रदर्शन करेंगे। परिकल्पना मंगेश मल्हार की है और छात्र संदीप कत्रोजवार, सोहम कवासे, अभय दुर्गे, प्रज्योत पाटिल, मयूर तितरे, अभिजीत काले तबला बजाएंगे.

दूसरे सत्र में पुणे के प्रसिद्ध गिटारवादक अनिकेत गुंडेवार का शास्त्रीय प्रदर्शन होगा, जिनके साथ तबला वादक आकाश चांदुरकर होंगे। प्रशंसकों से अनुरोध है कि वे इस उत्सव में भाग लें और संगीत समारोह का आनंद लें. ऐसा सार्वजनिक जिला पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप बजाज, सचिव गौरी शंकर टिबडेवाल, कार्यक्रम प्रमुख डॉ. माधुरी काले, सतीश बावसे, शाम सरोदे, मंगेश परसोडकर, अनिल दाऊतखानी और स्वरताल संगत परिवार के सदस्योंने कहा है.

# रोकड़े ज्वेलर्स के ग्राहकों की किस्मत चमकी

## लकी लक्ष्मी फेस्टिवल में जीते खूबसूरत नेकलेस

**नागपुर.**

अपनी उत्कृष्ट और भरोसेमंद कारीगरी के लिए प्रसिद्ध रोकडे ज्वेलर्स ने एक बार फिर अपने ग्राहकों के लिए खुशियों और उमंग से भरे पल लेकर आने का अवसर दिया है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल द्वारा आयोजित लकी लक्ष्मी फेस्टिवल दुनिया के सबसे बड़े ज्वेलरी फेस्टिवल में, रोकड़े ज्वेलर्स के दो भाग्यशाली ग्राहक, अमर चौधरी और स्वरण्या चंदेल, ने खूबसूरत नेकलेस जीतकर सबका दिल जीत लिया है।

पूरे देश में मनाया जाने वाला यह प्रतिष्ठित फेस्टिवल सिर्फ ज्वेलरी का उत्सव नहीं है, बल्कि यह ग्राहकों के लिए एक ऐसा मंच है, जो उनके लिए उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलता है। रोमांचक प्रतियोगिता, महंगे इनाम और अनगिनत अवसरों के कारण यह फेस्टिवल ज्वेलरी प्रेमी और उद्योग जगत के अग्रणी लोगों के लिए बेहद खास बन चुका है। भारत में इस उत्सव की भव्यता दुबई तक भी पहुंची, जहां लकी लक्ष्मी कम्युनिटी मीट के दौरान उद्योग जगत के दिग्गजों ने ज्वेलरी की चुनौतियों, रणनीतियों और आधुनिक डिज़ाइनों पर चर्चा की, जिससे ज्वेलरी इंडस्ट्री को नई दिशा और ऊर्जा मिली।






दुनिया के सबसे बड़े ज्वेलरी फेस्टिवल में भाग लेते हुए रोकडे ज्वेलर्स ने न केवल इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का लक्ष्य रखा, बल्कि अपने लॉयल ग्राहकों के लिए भाग्यशाली और उज्ज्वल भविष्य के अवसर प्रदान करने का वादा भी निभाया। अमर चौधरी और स्वरण्या

### समृद्धि की ओर एक और कदम


चंदेल द्वारा खूबसूरत नेकलेस जीतना, रोकडे ज्वेलर्स की अपने ग्राहकों के प्रति और उन्हें अविस्मरणीय अनुभव देने के प्रति का प्रतिबद्धता प्रमाण है। रोकड़े ज्वेलर्स का हर आभूषण एक कहानी कहता है, और लकी लक्ष्मी फेस्टिवल ने इन कंपनियों में भाग्य, भव्यता और खुशी का नया रंग जोड़ा है। अपने खास पलों को रोकड़े ज्वेलर्स के साथ मनाएं और उनके अनमोल आभूषणों की चमक से अपने जीवन को और खूबसूरत बनाएं!

# गोंदिया जिले में 17 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू

**गोंदिया.** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोंदिया के 2 दिसंबर 2024 के पत्र के अनुसार जिले में 3 से 17 दिसंबर 2024 की अवधी में विविध पक्षों एवं संगठनों की ओर से अपनी प्रलंबित मांगों को लेकर आंदोलन, धरना, मोर्चा, अनशन आयोजित किए जा रहे है। उसी प्रकार 6 दिसंबर को डॉ. बाबासाहब आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिन मनाया जाएगा। इस दौरान जिले में किसी भी प्रकार की कोई अनुचित घटना घटित न हो इसके लिए कानून व्यवस्था अबाधित रखने की दृष्टि से अतिरिक्त जिलाधिकारी गोंदिया ने उन्हे प्राप्त अधिकारों के अंतर्गत मुंबई पुलिस अधिनियम क्र. 22 की धारा 37 (1) (3) के तहत गोंदिया जिले में 3 से 17 दिसंबर तक निषेधाज्ञा जारी की है। इस निषेधाज्ञा की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने वाले पर संबंधित व्यक्ति पर फौजदारी नियमों के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री पटेल ने दी शोएब को बधाई

## उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की





**कामठी.**

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार अल्पसंख्यक सेल महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष व एकता फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शोएब असद को मोबाइल से जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें एक मेहनती नेता बताया और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की. ज्ञात हो कि शोएब असद लंबे समय से प्रमुख नेता रहे हैं. उन्होंने राष्ट्रवादी पार्टी के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है और राजनीति व सामाजिक क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है और उनके नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस का क्षेत्रीय स्तर पर विस्तार हुआ है. उन्हें एक सशक्त और राजनीतिक नेता के रूप में जाना जाता है, जिनके कार्यकाल में पार्टी ने अभूतपूर्व सफलताएँ अर्जित की है.

# कन्हान में ठाकरे गुट के सैकड़ों पदाधिकारी भाजपा में शामिल



**कन्हान.**

उद्धव ठाकरे की शिवसेना को अलविदा कहकर ठाकरे गुट के सैकड़ों पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होकर पार्टी पर विश्वास जताया। विधानसभा विस्तारक मनोज चवरे की प्रमुख उपस्थिति में इन सभी ने भाजपा में प्रवेश किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया।

हाल ही में महाराष्ट्र में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में महायुती को मिली एकतरफा जीत और विदर्भ क्षेत्र में ठाकरे गुट का प्रभाव खत्म होने के बाद, ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की अच्छी सरकार और संगठन का हिस्सा बनने की इच्छा जताई। आज दोपहर भाजपा के दिवंगत पदाधिकारी रामभाऊ दिवटे के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में, जिल्हा महामंत्री रिंकेश चवरे, संपर्क प्रमुख डॉ. मनोहर पाठक, तालुका उपाध्यक्ष शैलेश शेलके, रामटेक संयोजक आशीष दिवटे, और गुट नेता राजेंद्र शेन्द्रे की उपस्थिति में इन कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया।

नगर सेविका मोनिका पौणीकर, जिल्हा कामगार आघाडी अध्यक्ष समीर मेश्राम, उमेश पौणीकर, राजन पौणीकर, अंकित बचले, प्रियंका तांबे, कांता बागड़े, रुणित पात्रे, शिरीष त्रिपाठी, सुमित वानखेडे, रोशन खांडारे, अर्जुन पात्रे, अनिकेत खडसे, ब्रिजेश पात्रे, दीपक ठाकुर, रिशोक गायकवाड़, बिदेश पात्रे, प्रवीण येरपुढे, सुमित जामभूलकर, राहुल शिंना, मनोज ठाकुर, आशिक पात्रे, कमल पात्रे, दिलीप भोयर, देव नायडू, मलय त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, गोलू थवाईत, मनुजा त्रिपाठी, नीलेश पात्रे, सलीम पात्रे, विवेक पात्रे, रामेश्वर ठाकुर, दिनेश ठाकुर, और अन्य कार्यकर्ता।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र साबरे, कामेश्वर शर्मा, मनोज कुरडकर, अजय लोंढे, संजय रंगारी, चंद्रगुप्त पानतावने, आकाश पंडितकर, अनिता पाटिल, संगीता खोब्रागड़े, वंदना कुरडकर, सुनंदा दिवटे, वर्षा लोंढे, प्रतीक्षा चवरे, सुनीता लिल्लारे, लक्ष्मीकांत कमाले, और पप्पू चौधरी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। भाजपा में शामिल हुए इन नए कार्यकर्ताओं के आगमन से पार्टी की मजबूती बढ़ेगी और क्षेत्रीय राजनीति में नए समीकरण बनेंगे।

# अरुण बोडखे को सीसीएफ और डीएफओ ने स्टार लगाकर दी जिम्मेदारी




**सौंसर.**

गत दिनों में प्रधान मुख्य वन संरक्षण द्वारा पदोन्नति की सूची जारी करने के उपरांत बुधवार को प्रभारी वन परी क्षेत्र अधिकारी अरुण कुमार बोडखे को उच्च अधिकारियों द्वारा स्टार लगाकर गौरव प्रदान किया गया छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय के वन विभाग कार्यालय में सीसीएफ मधु वी रमन एवं दक्षिण वन मंडल के वन मंडल अधिकारी एस ,के, वासनिक ने अरुण बोडखे को स्टार लगाकर जिम्मेदारी सूची इस अवसर पर पूर्व छिंदवाड़ा मंडल डी, एफ, ओ, राजेंद्र श्रीवास्तव उत्पादन डीएफओ को निगम वन विकास निगम के वन अधिकारी मीरापुर सौसर उप वन मंडल अधिकारी प्रमोद चोपडे उत्पादन वन मंडल अधिकारी सोलंकी की उपस्थिति थी उल्लेख के लिए है की विशेष दिनों पदोन्नति सूची जारी हुई जिसमें अरुण बोडखे के का नाम शामिल था दक्षिण वन मंडल के अंबाडा वन परिक्षेत्र के बोरपानी सर्कल में पदस्थ थे उप वन क्षेत्रपाल अरुण बोडखे के को पदोन्नति किया गया इस अवसर पर स्टाफ की कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया.

# जल संरक्षण के लिए बनाए गए बोरी बांध

**सौंसर.**




जल का संचय करने हेतु नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौसर असोसिएशन द्वारा जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के विकासखंड सौसर के सेक्टर 1 के ग्राम पंचायत ढोकढोह के आश्रित ग्राम सीतापार के अंबाघाट नदी पर जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था युथ आफ सौसर एसोसिएशन के माध्यम से आम्बाघाट नदी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू समाजसेवी विद्यार्थी और परामर्शदाताओं के सहयोग से दो बोरी बंधन बांध का कार्य किया गया जिसमें एक बोरियों मे रेत भरकर तथा पत्थरों के द्वारा बाड़ा बनकर बहते हुए पानी को रोक कर बांध बनाये गए नवांकुर संस्था प्रमुख योगेश सोमकुंवर गोपाल कोठे दिनेश पाटिल पंकज रंगारे द्वारा बोरी बंधन में जल संचय होने पर विभिन्न लाभ होते हैं तथा पशु पक्षी खेतों को इसका उपयोग होता है यह बताया गया साथ ही परामर्शदाता सुनील डोंगरे द्वारा मानव जीवन में जल कितना महत्वपूर्ण है उसकी जानकारी छात्रों को दी गई साथ ही जिन सहयोगी छात्र द्वारा सहयोग किया गया उसकी सराहनीय कार्य को भी प्रशंसा की समाज सेवा में इसी प्रकार समाज की भावना के साथ जुड़कर लोगों मे जल संरक्षण के लिए जागरूकता का कार्य किया गया परामर्शदाता सुभाष ठाकरे एवं भोजराज निगम द्वारा भी जल के महत्व को समझाया गया इनमें उपस्थित बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू छात्रो जिनके द्वारा श्रमदान कराया गया वे सहयोगी भुवन गजभिए कैलाश पांडे विशाल चरपे शिल्पा भालेराव निधि लोनकर संगीता मोहले माधुरी डोंगरे दुर्गा परतेती मयूरी वाकोडे रूपेश सोम कुंवर हेमंत हिवरकर पुष्पा भद्रे आदि उपस्थित थे.

# विश्व मृदा दिवस पर कृषि छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**सौंसर.** विश्व मृदा दिवस को सीएम राइज़ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के कृषि ट्रेड में अध्ययनरत कक्षा 11वी एवं 12वी (फ्लोरिकल्चरिस्ट) के छात्रों द्वारा स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस साईं खेड़ा में भ्रमण किया गया जहाँ विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण एवं पोषक तत्व तथा मिट्टी का पी एच ऑर्गेनिक कार्बन विद्युत चालकता विश्व मृदा दिवस 2024 की थीम मृदाओं की देखभाल: मापें, निगरानी आदि की जानकारी दी गई डॉ. केविन गवली डीन, कृषि विज्ञान विद्यालय डॉ. आकाश देशमुख, डॉ. प्रिया सतवाधर, डॉ. परेश बाविस्कर डॉ. चेतन बोंद्रे,डॉ. आशीष सारडा, मनोज अतकरे और गौरव चौधरी, गिरीश गोरले, गजेन्द्र और पीजी अनुसंधान विद्वान और यूजी छात्र का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधान की जानकारी मिली संस्था प्राचार्य शैलजा बत्रा एवं उप प्राचार्य संजय गवनेकर एवं व्यावसायिक शिक्षक सूरज साहू, नृत्य शिक्षिका कुसुम पवार की उपस्तिथि में औद्योगिक भ्रमण संपन्न हुआ.

# प्रवीण शर्मा शिवसेना वैद्यकीय सहायता कक्ष के विदर्भ (पूर्व) प्रमुख नियुक्त

**नागपुर.**



महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और वैद्यकीय सहायता कक्ष के संस्थापक मंगेश चिवटे, साथ ही रामहरी राऊत के आदेशानुसार, प्रवीण लता बालमुकुंद शर्मा को शिवसेना वंदनीय बालसाहब ठाकरे वैद्यकीय मदत कक्ष में पूर्व विदर्भ प्रमुख के रूप में पद नियुक्त किया गया है। शर्मा पिछले 25 वर्षों से निष्ठावान शिवसैनिक के रूप में कार्यरत हैं और इस दौरान उन्होंने वैद्यकीय सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे गरजू मरीजों को इलाज में मदद करने के लिए मुख्यमंत्री सहायता निधि से 2 करोड़ रुपये प्राप्त कर चुके हैं। इस नियुक्ति के बाद शर्मा ने वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए, पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का वचन लिया। उन्होंने आगे कहा कि वे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को अधिक से अधिक चिकित्सा सहायता प्रदान करेंगे।

# विधायक निधि से छत्रपति शिवाजी महाराज रंगमंच का भूमिपूजन



**सौंसर.**

क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने छत्रपति शिवाजी महाराज जी की प्रतिमा स्थापना हेतु विधायक निधि से प्रदत्त लागत राशि तीन लाख पचास हजार रुपए से निर्माण होने वाले रंगमंच निर्माण कार्य का विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया। चौरे ने बतलाया कि विधानसभा चुनाव के दौरान ग्राम कोपरा वाली कला के ग्रामिणजनों ने मांग की थी कि छत्रपति शिवाजी महाराज जी की प्रतिमा हेतु रंगमंच का निर्माण किया जाए उस वक्त उन्होंने रंगमंच निर्माण की घोषणा की थी साथ ही उन्होंने यह भी कहा की आज इस पुनीत कार्य का भूमिपूजन कर ग्राम कोपरावाडी कला के समस्त परिवारजनों की मांग को पूर्ण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह रंगमंच विधायक निधि के माध्यम से जल्द ही बनकर तैयार होगा। इस भूमि पूजन समारोह में विधायक विजय चौरे, रामा पाटनकर,बंडू बनाईत, राजू पाटनकर, किशोर सेम्बेकर, पंकज धांधोड़े, लखपति बनाईत, दुर्गेश सेम्बेकर, देवेंद्र बनाईत, देवेंद्र सरोदे, आनंदराव बनाईत, राधेश्याम गायधने, महादेव पाटिल, घनश्याम बारमासे एवं समस्त सम्मानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# स्टॉप डैम के गेट मरम्मत की उठी मांग

**सौंसर.** तहसील के पीपल नारायण वार क्षेत्र में नदी-नालों पर बनाए गए कई स्टॉप डैम उपयोगी साबित हो रहे हैं, क्योंकि इन पर गेट लगे होने से पानी का संग्रहण हो रहा है। लेकिन, इनमें से कई स्टॉप डैम के गेट क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसके कारण जल संग्रहण नहीं हो पा रहा है और यह डैम अब बेकार साबित हो रहे हैं।

खासकर कोपरावाड़ी के पास जाम नदी पर बने स्टॉप डैम के गेट की मरम्मत की मांग क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। क्षतिग्रस्त गेट के कारण पानी रुकने की समस्या बनी हुई है, जिससे सिंचाई और अन्य उपयोग प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इन गेटों की मरम्मत नहीं की गई, तो आने वाले समय में जल संकट गहराने की आशंका है। प्रशासन से इस ओर जल्द ध्यान देकर आवश्यक कार्यवाही करने की अपील की जा रही है।

# फूल सजावट कार्यशाला का आयोजन 11 से 13 तक

**नागपुर.** नागपुर गार्डन क्लब द्वारा 11 से 13 दिसंबर के बीच फूल सजावट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला शाम 5 से 7 बजे तक लॉ कॉलेज स्क्वायर के पास गार्डन क्लब प्रांगण में आयोजित होगी। इस कार्यशाला में बेसिक फूल सजावट, कॉन्फ्रेंस टेबल सजावट, पार्टी सजावट और डाइनिंग टेबल सजावट की तकनीकें सिखाई जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए क्लब की अध्यक्ष अनुजा पचुरे (मो. 8975067911) और डॉ. सुनीता शर्मा (मो. 9823311084) से संपर्क किया जा सकता है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 345-2 | 139-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 369-8 | 460-0 |
| प्रभात | 335-1 | 290-1 |
| प्रभात नाईट | - | - |
| डायमंड | 130-4 | 249-5 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 890-7 | 670-3 |
| मेन रतन | 379-9 | 228-2 |
| कल्याण | 158-4 | 129-2 |
| राजधानी डे | 680-4 | 345-2 |
| राजधानी नाईट | - | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | - | - |

# 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' में नागपुर जिला राज्य में सबसे आगे

**नागपुर.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को नागपुर जिले में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। नागपुर जिले के कुल 11,327 बिजली उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। इनकी परियोजनाओं की कुल स्थापित क्षमता 46.15 मेगावाट है। इस योजना का लाभ उठाने वाले राज्य के कुल उपभोक्ताओं में नागपुर जिले के 18.53% उपभोक्ता शामिल हैं।

नागपुर जिले में लाभार्थियों को 85.67 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की गई है, जिसमें से 65.42 करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष राशि भी लाभार्थियों के खातों में जल्द ही हस्तांतरित की जाएगी।

तीन सौ यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली प्रदान करने और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय अर्जित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना में विदर्भ क्षेत्र में नागपुर जिले (11,327) ने बढ़त बनाई है। इसके बाद अमरावती (4,196), अकोला (1,878), वर्धा (1,773), बुलढाणा (1,629), चंद्रपुर (1,343), यवतमाल (1,336), भंडारा (1,026), गोंदिया (761), वाशिम (599), और गढ़चिरौली (571) का स्थान है। विदर्भ क्षेत्र में अब तक 1,03,935 उपभोक्ताओं ने आवेदन किया है, जिनमें से 26,439 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाया है। इनकी कुल स्थापित क्षमता 106.91 मेगावाट है, और उन्हें 205.90 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की गई है। इसमें से 165.41 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, विदर्भ क्षेत्र में 75,729 उपभोक्ताओं के संयंत्र स्थापित होने के लिए तैयार हैं और 913 उपभोक्ताओं के कार्य अंतिम चरण में हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत, केंद्र सरकार द्वारा छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी दी जाती है। 1 किलोवाट क्षमता के प्रोजेक्ट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है। 1 किलोवाट के सौर संयंत्र से हर महीने लगभग 120 यूनिट बिजली उत्पन्न होती है। आवश्यकता से अधिक बिजली होने पर, बिजली बिल शून्य हो जाता है, और अतिरिक्त बिजली महावितरण को बेची जा सकती है।

फरवरी 2024 में इस योजना की शुरुआत के बाद से राज्य में अब तक 69,118 उपभोक्ताओं ने छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाए हैं। इनकी कुल स्थापित क्षमता 273.72 मेगावाट है, और उन्हें 567.93 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की गई है, जिसमें से 465.65 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, राज्य में अब तक 3,08,901 उपभोक्ताओं के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

बिजली और पैसे की बचत के साथ-साथ पर्यावरण हितैषी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना का लाभ उठाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की आधिकारिक वेबसाइट https://www.pmsuryaghar.gov.in/ पर पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के बाद, महावितरण की वेबसाइट https://css.mahadiscom.in/UI/ROOFTOP/PVNewApplication.aspx पर ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है।

### योजना के लाभ

1 किलोवाट क्षमता की सौर परियोजना से प्रति माह लगभग 120 यूनिट बिजली उत्पन्न होती है।
अतिरिक्त बिजली महावितरण को बेचकर आय अर्जित की जा सकती है।
यह योजना बिजली बिल में शून्य लाने और पर्यावरण संरक्षण में मदद करती है।





# कमिन्स कॉलेज का पर्यावरण और शिक्षा कार्यक्रम में सक्रिय योगदान

**नागपुर.**

कमिन्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमन, नागपुर के एनएसएस टीम ने केसरीमल नगर परिषद विद्यालय, सिंदी (रेलवे) में दिवंगत विद्यालय अध्यक्षों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया और महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख वक्ता, कमिन्स कॉलेज के डॉ. अमोल मोराणकर के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने शिक्षा और पर्यावरणीय सततता पर जोर दिया। उन्होंने समकालीन चुनौतियों का सामना करने के लिए इन दोनों पहलुओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कमिन्स कॉलेज के पहले वर्ष के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत एक विचारशील स्किट ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। यह स्किट गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को केंद्रित करते हुए, सृजनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे इसे व्यापक सराहना मिली और एक सशक्त सामाजिक संदेश दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर ने एनएसएस टीम की पहल की सराहना करते हुए उनके समाज में योगदान और नवाचार की तारीफ की। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण शाला परिसर में वृक्षारोपण अभियान था, जिसमें डॉ. मोराणकर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रा. नेहा उत्तरवार, स्वयंसेवक और शालेय कर्मचारी शामिल हुए। यह अभियान पर्यावरणीय समतुल्यता बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया, जिससे हरा-भरा और स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया।

इस कार्यक्रम ने कमिन्स कॉलेज और केसरीमल नगर परिषद विद्यालय के बीच सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक बदलाव के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया, जिससे शिक्षा और पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को बल मिला।